सच कहने का साहस और सलीका
राज एक्सप्रेस

Clip Article Image View Comments Email Print
SHARE

Published in 05 Dec-2018 print edition of Raj Express

# आकाश, सितारे, चंद्रमा हमेशा करते रहे हैं मनुष्यों को मोहित

**इंदौर।** आकाश, सितारे, चंद्रमा हमेशा मनुष्यों को मोहित करते रहे हैं। इसके बारे में सभी को जानकारी होना चाहिए। सूर्य, चंद्रमा और सितारे सहित ब्रह्मांड की सभी चीजें कुछ कानूनों का पालन करती है। इन कानूनों के प्रभाव के बिना दुनिया नहीं चलती है। महात्मा गांधी के इन वाक्यों को ध्यान में रखकर आईआईटी इंदौर ने बापू खगोल मेला आयोजित किया। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप माथुर ने बताया इसमें कई स्कूलों के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। आईआईटी को हाल ही में मिली विश्व रैंकिंग का जश्न भी कार्यक्रम के बीच मनाया गया। इसके तहत प्रदर्शनी लगाकर बच्चों को अंतरिक्ष के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही खगोल विज्ञान के प्रति महात्मा गांधी की गहरी रुचि के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में नेहरु प्लेनेटेरियम नई दिल्ली की डायरेक्टर नंदिवदा रथनासिरी शामिल हुई। 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने पोस्टर प्रदर्शनी और क्विज में हिस्सा लिया। इस दौरान नेशनल अविष्कार योजना के स्टूडेंट्स ने भी अंतरिक्ष के रहस्य जाने। कार्यक्रम का मकसद बच्चों को हेस्टोनॉमी का महत्व बताना था।